# सोनभद्र में 1200 मेगावाट के पंप स्टोरेज पावर प्लांट को सैद्धांतिक मंजूरी

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सोनभद्र जिले की रॉबर्ट्सगंज तहसील में टीएचडीसी इंडिया की 1200 मेगावाट की पंप स्टोरेज पावर प्लांट परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। परियोजना की अनुमानित लागत 6600 करोड़ रुपये है। इस परियोजना से प्रतिदिन 6 घंटे 36 मिनट बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। परियोजना के लिए 300.55 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। मुख्य सचिव तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पंप स्टोरेज पावर (पीएसपी) परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी देने के लिए इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। ब्यूरो